प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार दिनांक 24.01.2026

मुख्य समाचारः—

- आज देशभर में आयोजित राष्ट्रीय रोजगार मेले में इकसठ हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी और कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन किया।

- कल राष्ट्रीय मतदाता दिवस है—नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नए युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र प्रदान करेंगी—कार्यक्रम में मीडिया के लिए विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

- प्रधानमंत्री कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

<u>प्रधानमंत्री—रोजगार मेला</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से अट्ठारहवें राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेला एक संस्थागत व्यवस्था बन चुका है जिसके जरिए युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार, स्वरोजगार के अवसर देना, ये हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए, इसके लिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई थी। इसके जरिए लाखों युवाओं को सरकार के अलग–अलग विभागों में नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

इस महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत आज के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए इकसठ हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सौंपे गए नियुक्ति पत्र युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए आमंत्रण पत्र और विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए संकल्प पत्र है।

रोजगार मेला–छत्तीसगढ़

इधर, रायपुर के आरंग स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने प्रदेश के चार सौ से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न सुरक्षा बलों और अन्य विभागों के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए। ये युवा अब सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जैसे प्रतिष्ठित सुरक्षा बलों का हिस्सा बनकर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे।

समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री साहू ने कहा कि यह सिर्फ नियुक्ति पत्र नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस' के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

चित्रोत्पला फिल्म सिटी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर अटल नगर के माना–तूता में चित्रोत्पला फिल्म सिटी एंड कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन किया। सौ एकड़ क्षेत्र में बनने जा रही इस फिल्म सिटी में अत्याधुनिक स्टूडियो और स्थायी सेट्स जैसी सुविधाएं होंगी।

फिल्म सिटी के भूमिपूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल प्रदेश की कला और प्रतिभा को नई ऊंचाई देगी।

मुख्यमंत्री–सड़क सुरक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा सम्मान समारोह में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए स्वयं हेलमेट पहनकर बाइक चालकों के दल के साथ स्कूटी चलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने राजधानी रायपुर के पंडरी में आधुनिक लाइसेंस सेंटर कार्यालय भवन का भूमिपूजन और प्रदेश भर में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत बारह नवीन मार्गों में बसों के संचालन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सड़क सुरक्षा मितान को पच्चीस हजार और पांच हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले चिकित्सा अधिकारियों, यातायात सिपाहियों, वाहनचालकों, भारत स्काउट गाइड के सदस्यों, यूनिसेफ के प्रतिनिधियों, एनएचएआई के अधिकारियों तथा एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स को भी सम्मानित किया गया।

ईओडब्ल्यू–कार्रवाई

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला मामले में गिरफ्तार तीन लोकसेवकों के खिलाफ पहला पूरक चालान विशेष न्यायालय रायपुर में पेश कर दिया है। इसमें आरोपियों की वजह से शासन को चालीस करोड़ रूपए नुकसान होना बताया गया है। ईओडब्ल्यू के मुताबिक इस मामले में आरोपी दिनेश पटेल, लेखराम देवांगन और बसंती घृतलहरे को पिछले साल उनतीस अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ तीसवां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगी।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

कल राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस अवसर पर निर्वाचन आयोग द्वारा कल नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नए युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र प्रदान करेंगी। साथ ही वे तकनीक के प्रभावी उपयोग, चुनाव प्रबंधन और मतदाना जागरुकता के लिए विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन प्रथाओं के पुरस्कार भी प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में मीडिया के लिए विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

वहीं, केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत रायपुर द्वारा कल पच्चीस जनवरी को रायपुर में राज्य स्तर पर मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह रैली इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से शुरू होगी।

माय भारत के उप निदेशक अर्पित तिवारी ने आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि कल पदयात्रा के साथ ही प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं का सम्मान, मतदान के महत्व पर जन–जागरूकता तथा मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अट्ठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं से आह्वान किया है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं और प्रत्येक चुनाव में मतदान कर भारत की लोकतांत्रिक परंपरा को और अधिक मजबूत बनाएं।

<u>रायपुर साहित्य उत्सव</u>

नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित रायपुर साहित्य उत्सव के दूसरे दिन आज विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। भारत का बौद्धिक विमर्श विषय पर आयोजित सत्र में मुख्य वक्ता प्रख्यात लेखक और विचारक राममाधव ने कहा कि किसी भी जीवंत राष्ट्र के लिए उसका बौद्धिक विमर्श उसकी प्राणवायु होता है। इस सत्र का संचालन मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार आर. कृष्णादास ने किया।

वहीं, साहित्य उपनिषद से एआई तक विषय पर केन्द्रित परिचर्चा में ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के निदेशक डॉक्टर ओम प्रकाश व्यास, वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल केतकर और वरिष्ठ लेखक डॉक्टर गोपाल कमल शामिल हुए।

इसी तरह, आज नई पीढी की फिल्मी दुनिया विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में अभिनेता सत्यजीत दुबे, अभिनेत्री टीजे भानू, विधायक अनुज शर्मा और सुविज्ञा दुबे शामिल हुए।

आज हुए एक अन्य सत्र में वरिष्ठ पत्रकार रूबिका लियाकत और छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा के बीच परिचर्चा हुई। इस मौके पर रूबिका लियाकत ने कहा कि सनातन परपंरा स्वभावतः धर्म निरपेक्ष है और भारतीयता उसी समझ से विकसित होती है।

कल समापन समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आज बेटियां हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं। उनके इस संकल्प को शक्ति देते हुए छत्तीसगढ़ सरकार बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह समर्पित है।

## आईईडी बरामद

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने सर्चिंग अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गए सोलह प्रेशर आईईडी बरामद किए हैं। यह आईईडी माओवादियों ने बंदेपारा–नीलमड़गु पगडंडी मार्ग और आसपास के जंगली क्षेत्रों में बॉटल में लगा रखे थे, जिसे बरामद कर बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। वहीं, मद्देड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और डीआरजी की टीम ने अलग–अलग स्थानों पर माओवादियों द्वारा जमीन के भीतर छुपाकर रखे गए स्टील कंटेनर और प्लास्टिक बाल्टी से भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य माओवादी सामग्री भी बरामद की है।

## संक्षिप्त समाचार

- कल राष्ट्रीय पर्यटन दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

- नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुंगेली के शहरी पथ–विक्रेता बाबूलाल बुनकर और लोरमी के सोना कुमार कैवर्त्य को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने दोनों पथ विक्रेताओं को फोन कर बधाई दी है।

- केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा आज जगदलपुर विकासखंड के ग्राम तितिरगांव में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छ भारत का संदेश दिया।

<><><><><><><>